दे रहे थे। जिसे लेकर बैगा आदिवासी समाज ने धरना प्रदर्शन भी किया। पुलिस प्रशासन पर आरोपियों को बचाने के आरोप भी लगाए। बाद में जब यह मामला तूल पकडऩे लगा और विपक्षी राजनैतिक दल मामले को लेकर सक्रिय होने लगे तब घटना के करीब महीने भर बाद पुलिस ने इस मामले में मृतक बुधराम बैगा, हीरमति बाई एवं जोन्हू राम बैगा की हत्या किए जाने के आरोप में कुल 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चारू बैगा पिता बजरू बैगा, उम्र 25 वर्ष, संतूराम बैगा पिता-सुखराम बैगा, उम्र 35 वर्ष, बजरू बैगा पिता-गोठू बैगा, उम्र-56 वर्ष, सुख सिंह बैगा पिता धानूराम बैगा, उम्र 30 वर्ष, बुध सिंह बैगा पिता-हीरालाल बैगा, उम्र 33 वर्ष, बुधलाल पिता-डोंगरू बैगा, उम्र 36 वर्ष, राजो बाई पिता-भुस्सा बैगा, उम्र 50 वर्ष, अक्कल बैगा पिता-बुद्धू सिंह बैगा, उम्र-45 वर्ष, बुधवारिन बाई बैगा पति अक्कल बैगा, उम्र-42 वर्ष, मियाजी पिता-बहादूर सिंह बैगा, उम्र-30 वर्ष, सुखराम बैगा पिता-बुधराम बैगा, उम्र-29 वर्ष, तथा तिहारू बैगा पिता लम्हा बैगा, उम्र 35 वर्ष को अपराध क्रमांक 21/2024 धारा 148, 302/149 (तीन बार), 120 बी, 201,-149, 436, 149 भादसं के तहत गिरफ्तार कर लिया। तथा कथित साक्ष्यों के साथ चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। लेकिन करीब डेढ़ वर्षो तक चली इस बहुचर्चित हत्याकाण्ड की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद 18 सितम्बर को अपना निर्णय सुनाते हुए हत्या के सभी 12 आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया।

### पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

इस बहुचर्चित तथा कथित ट्रिपल मडर के मामले में न्यायालय का फैसला सामने आने के बाद अब जिला पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं कि घटना के करीब महिने भर की जांच में पुलिस प्रशासन ने ऐसे कौन से साक्ष्य जुटाए थे कि उसने सोची समझी साजिश के तहत तीन ग्रामीणों की हत्या किए जाने के आरोप में थोकभाव में 12 ग्रामीणों को बेहद संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर लिया। सवाल यह भी उठाए जा रहे हैं कि पुलिस प्रशासन ने यह गिरफ्तारी क्या वास्तव में पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर की थी या फिर राजनैतिक दबाव के चलते और अगर उसने 12 आरोपियों की गिरफ्तारी वास्तव में साक्ष्यों के आधार पर की थी तो फिर पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को न्यायालय ने क्यों नकार दिया और क्यों 12 की 12 आरोपी पूरी तरह से दोषमुक्त हो गए।

### सेंट्रल पूल में 55 प्रतिशत चावल ही जमा

## केंद्र ने चावल लेने कोटा बढ़ाया, रैक नहीं मिलने से ठप हो सकती है मिलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार ने 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त चावल सेंट्रल पूल में लेने की मंजूरी तो दे दी, लेकिन राज्य में तैयार हो रहे चावल के परिवहन के लिए रेलवे की रैक ही नहीं मिल रही है। यही कारण है कि सेंट्रल पूल के लिए अब तक केवल 55 प्रतिशत चावल ही जमा हो पाया है। इधर केंद्र को चावल देने के लिए 30 नवंबर तक का समय तय है। चावल का उठाव न हो पाने से राज्य की 80 प्रतिशत मिलों में काम बंद होने का दावा मिलर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में सेंट्रल पूल, राज्य पूल के लिए निर्धारित चावल लेने के बाद भी राज्य में बड़ी मात्रा में धान निराकरण के लिए शेष रह गया था।

**30 नवंबर तक जमा करना है चावल:** केंद्र ने सेंट्रल पूल के लिए जो चावल लेने की मंजूरी दी है, उसके मुताबिक राज्य में सरकार मिलिंग के जरिए चावल तैयार करा रही है, लेकिन बताया गया है कि सेंट्रल पूल के लिए अन्य राज्यों, जैसे महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, कर्नाटक आदि में चावल भेजने के लिए रेल की व्यवस्था नहीं हो रही है। हालत ये है कि इस साल शुरू से ही चावल भेजने की गति धीमी हो गई है। इधर सेंट्रल पूल में चावल देने के लिए 30 नवंबर अंतिम तिथि तय है। अब तक 55 प्रतिशत चावल ही जमा हो पाया है, 45 प्रतिशत जमा होना बाकी है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

# गणवेश वितरण में अनियमितता पर सख्ती रामानुजगंज-बलरामपुर डीईओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रामानुजगंज-बलरामपुर जिले में निःशुल्क गणवेश वितरण कार्य में गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही के कारण जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया।

जारी आदेश के अनुसार डीएन मिश्रा के स्थान पर सूरजपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्हें शिक्षा संभाग सरगुजा में अटैच किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक मंत्रालय में गुरुवार को रखी गई थी। बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर ही उन्हें पद से हटाया गया है। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों में उदासीनता के कारण मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे को शो कॉस नोटिस दिया गया है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्षों की ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने यह समीक्षा बैठक ली। अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिए गए कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएं। मॉडल स्कूल स्थापित करने योग्य स्कूलों की जानकारी 10 दिन में संचालनालय को प्रस्तुत की जाएगी।

**स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ली समीक्षा बैठक**



### बोर्ड में बेतहर परिणाम के लिए अभी से मशक्कत

भवन विहीन और भवन की आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्यात्मक जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहां भवन बनाना आवश्यक हो वहां प्राथमिकता से इस कार्य को करें। डिस्मेन्टल योग्य भवनों की स्थिति का शीघ्र समाधान करने, लघु मरम्मत और शौचालय मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रारंभ से ही विशेष ध्यान देने कहा गया। उन्होंने विभाग के अंतर्गत न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना, विद्यार्थियों के बैंक खाते खोलने, उनके जाति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में भी विशेष चर्चा हुई। सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका और पास बुक नवंबर माह तक अपडेट करने कहा गया, ताकि उन्हें पेंशन के लिए भटकना ना पड़े।

## जिन पर विधायकों की चोरी का आरोप, वे वोट चोरी की बात करते हैं

**रायपुर।** प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी भ्रामक प्रचार करने वाली एक एजेंसी के प्रमुख हो गए हैं। वे हमेशा बेतुकी बातें कहते हैं, जिनका वर्तमान, भविष्य और अतीत से कोई नाता नहीं है। उनके सलाहकार राहुल गांधी को सही सलाह भी नहीं देते। यह सोचने वाली बात है कि जिन पर विधायकों की चोरी का आरोप हो, वो वोट चोरी की बात करते हैं। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कश्यप ने कहा, भारत के चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के झूठे दावों को खारिज कर दिया है। एक बार फिर, राहुल गांधी के सारे झूठे दावे मिनटों में ध्वस्त हो गए। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में उनके भेजे गए प्रभारी सचिन पायलट भी उसी तरह की बातें कर रहे हैं। वे एक ऐसे पायलट हैं, जो राजस्थान में कांग्रेस का विमान सही ढंग से उड़ा नहीं पा रहे हैं।

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के बहाने पायलट ने कांग्रेसियों में भरा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा और वोट चोर, गद्दी छोड़ की तीन दिन की यात्रा में सचिन पायलट ने कांग्रेसियों में उत्साह भरा। पायलट भिलाई के कार्यक्रम के बाद रायपुर पहुंचे और यहां से दिल्ली रवाना हो गए। रायगढ़ से शुरू हुए अभियान की सफलता से सियासत फिर तेज हो गई है। बिलासपुर के प्रदेश व्यापी आगाज के बाद प्रदेश में इसके खिलाफ माहौल बनाने में सफल रहे। यात्रा के अंतिम दिन राजनांदगांव, दुर्ग और भिलाई में पदयात्रा, हस्ताक्षर अभियान तथा जनसभाओं, बाइक रैली के साथ संपन्न हुई। राहुल गांधी की पदयात्रा को लेकर पूरे देश में वोट चोरी पर माहौल बनाने सभी राज्यों में इस तरह का आयोजन कांग्रेस कर रही है। कांग्रेस अब आम लोगों तक इस मुद्दे को ले जाने का प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची की जांच कराई जा रही है। मतदाता सूची में गड़बड़ी और अन्य मामलों को सामने लाने का प्रयास कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में गड़बड़ी के तथ्य सार्वजनिक किए जा रहे हैं। ऐसे मामलों को परिणाम से जोड़कर वोट चोरी के आरोप लगाए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान और पदयात्रा के माध्यम से निर्वाचन आयोग को इसकी जांच के लिए मजबूर करने का प्रयास कांग्रेस कर रही है।

### प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेता हुए एकजुट

आठ जिलों में तीन तक हुई पदयात्रा और रैली के दौरान प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता एक मंच पर दिखे। सचिन पायलट इसके माध्यम से यह संदेश देने में सफल रहे कि कांग्रेस में कोई अंतर्कलह नहीं है। सभी नेता एकजुट हैं। पदयात्रा की अगवाई प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सभी विधायकों के साथ सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित

एआईसीसी के निर्देश पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता इससे उत्साहित हैं और एकजुटता के साथ काम करने का संकल्प ले रहे हैं। राज्य विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस लोगों से संपर्क कर अपने जनाधार को बढ़ाने के प्रयास में है। आठ जिलों में निकाली गई रैली के माध्यम से कांग्रेस ने राज्य और केंद्र सरकार के कामकाज पर भी निशाना साधा है। यहां की कानून व्यवस्था के साथ ही प्रशासनिक कामकाज पर भी अंगुली उठा रहे हैं। कांग्रेस संगठन में नियुक्ति को पूरा करने के पहले कार्यकर्ताओं की सक्रियता को भी देखने का प्रयास इसके बहाने किया गया।

# एसएसपी के पत्र के बाद आबकारी ने हाईपर क्लब के विरुद्ध दर्ज किया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग ने एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के पत्र के बाद वीआईपी रोड क्षेत्र में संचालित हाईपर क्लब के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। इस क्लब को निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुला पाया गया था। इस दौरान यहां कई अनियमितताएं भी पाई गई थीं। इसके अलावा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक रेस्टॉरेन्ट, कैफे एवं ढाबा भी हैं, जहां देर रात तक कहीं शराब एवं भोजन परोसा जा रहा है। एसएसपी ने इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर उनका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने के लिए कहा है। हालांकि नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप का कहना है कि गुमास्ता लाइसेंस संबंधित कार्य अब श्रम विभाग के पास है, इसलिए यह पत्र श्रम विभाग को भेजा जाएगा।

रायपुर जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के साथ नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए आबकारी विभाग की टीमें देर रात को निरीक्षण पर निकल रही हैं। इसके तहत होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट की जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पहले वीआईपी रोड क्षेत्र में संचालित हाईपर क्लब भी टीम रात करीब 12.30 बजे पहुंची। इस दौरान क्लब खुला हुआ था तथा अंदर शराब परोसी जा रही थी। इसके अलावा क्लब में अन्य कई अनियमितताएं भी पाई गई थीं। हालांकि इस मामले में विभाग ने क्लब के संचालक को नोटिस जारी किया था। इसके अलावा भी शहर के अंदर एवं आउटर इलाकों में कई होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट में निर्धारित समय के बाद भी रात में शराब एवं भोजन परोसा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इसकी जानकारी होने पर एसएसपी ने कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर को हाईपर क्लब सहित आधा दर्जन से अधिक ऐसे होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट के नाम की सूची तैयार कर इन सभी का लाइसेंस गुमास्ता निरस्त करने के लिए पत्र लिखा है। हालांकि आबकारी विभाग के जिला अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि हमारे पास जो पत्र आया है, उसमें सिर्फ हाईपर क्लब का नाम है। इसके तहत उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किया है।

### सूची भेजी गई है

निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुलने वाले ढाबा, रेस्टॉरेंट, कैफे के नामों की सूची जिला एवं नगर निगम प्रशासन को भेजी गई है।

- लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी रायपुर

### श्रम विभाग को फारवर्ड किया

जो सूची आई है, उसे श्रम विभाग को फारवर्ड किया जाएगा। गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने का अधिकार अब श्रम विभाग के पास है।

- विश्वदीप, कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### इनका गुमास्ता निरस्त करने से पहले जारी हो सकता है नोटिस

सूत्रों के अनुसार एसएसपी ने अपने पत्र में शफ किचिन रेस्टॉरेन्ट मरीन ड्राइव, कैफे केप वाइस मरीन ड्राइव, एमपी किचन जोरा, स्नोबैरी आईसलैण्ड मरीन ड्राइव, शाबा ढाबा विधानसभा रोड आमासिवनी, राजू ढाबा महासमुंद रोड, प्रिंस फैमिली ढाबा विधानसभा रोड के नाम की सूची नगर निगम कमिश्नर को भेजी हुई है।

## शहरभर की प्रापर्टी का निगम कराएगा रीएसेसमेंट सर्वे 10 कंपनियों ने दिखाई रुचि, दो दिन तक प्रेजेंटेशन

**रायपुर ।** रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित शहरभर की प्रापर्टी का जल्द जीआईएस सर्वे होगा। इसमें प्रापर्टी का रीएसेसमेंट, नई प्रापर्टी का एसेसमेंट के साथ बेसिक मेप अपग्रेडेशन कार्य कराया जायेगा। इस कार्य के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की। जिसमें देश भर के अलग-अलग स्थानों से 10 कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। इन कंपनियों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, रांची, रायपुर की कंपनियां शामिल है। दो दिन तक संबंधित कंपनियां महात्मा गांधी सदन के सभागार में अपना प्रजेंटेशन दे रही हैं। मूल्यांकन के लिए 100 अंक रखा गया है। इसमें पिछली बार हुये जीएसआई सर्वे के बाद शहरभर में अलग-अलग इलाकों में हुए नए निर्माण के साथ पुनर्निमाण की भी जानकारी अनुबंधित एजेंसी जुटायेगी।

## सभापति ने किया निर्माण कार्य निरीक्षण

**रायपुर।** सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने दानवीर भामाशाह वार्ड के शशिबाला कन्या शाला में लोककर्म विभाग अतिरिक्त शाला भवन निर्माण के कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। सभापति ने जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को नये अतिरिक्त शाला भवन का लोकार्पण करने आवश्यक प्रशासनिक तैयारी प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिये।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञापन क्रमांक - 86

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर अंतर्गत अटल विहार योजना, गोबरा नवापारा, अभनपुर जिला रायपुर आवासीय कालोनी के ओपन स्पेस में उद्यान विकास कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 9424209041 पर संपर्क करें।

संवाद-45307 कार्यपालन अभियंता

**दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001**
DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA ANJORA, DURG (CHHATTISGARH) 491001, (website - registrar.dsvckvdurg.ac.in)

No. Estt. 1/129(11)/Advt./2025/1133 Durg, Dated: 16.09.2025

**// Advertisement Cancellation Notification //**

Applications form were invited for various Teaching posts (Professor, Associate Professor, Assistant Professor and Assistant Librarian in the constituent Colleges/Centers/Vety. Polytechnics of Dau Shri Vasudev Chandrakar Kamdhenu Vishwavidyalaya, Durg. vide Advertisement No. Estt.1/Advt./129(8)/2023/ 815 dated 13/07/2023. The above advertisement is hereby cancelled with immediate.

S - 45308 REGISTRAR

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**

**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
NIT No: 1019/Garden/2025 Korba Dated:- 16.09.2025

| S. N. | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 175780 (1st Call) | Developing for Roadside tree plantation with Rakshak self-watering tree guard with one year maintenance at Korba Nagar Nigam, Korba (C.G.) | Rs. 17.51 Lakh |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 16.09.2025 at 17.30 Hours. (IST) onwards.

Executive Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

**प्रथम निविदा ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
Website - www.cgmsc.gov.in Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10468 | जिला बस्तर वि.ख. दरभा के बिसपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 32.25 |
| 2 | 10469 | जिला रायपुर के चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध अस्पताल (डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय) में कार्डियक थोरेसिक विभाग में मॉड्यूलर ओ.टी. का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-ब) | 77.51 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 26/09/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 18/10/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद- 45315 sd/- अधीक्षण अभियंता

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
विकास भवन नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन नं. 07752-222642, फैक्स नं. 07752-413888
Email - buildingsectionbmc.gmail.com, Website - www.bmcbilaspur.in

क्र.1143 /न.पा.नि./भ.वि./2025-26 बिलासपुर, दिनांक 19/09/2025

**द्वितीय आम सूचना**

नगर पालिक निगम द्वारा प्रथम आम सूचना दिनांक 04.09.2025 को जारी की गई थी। जिसमें प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण पश्चात पुन: आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि ग्राम-तिफरा स्थित भूमि खसरा नं. 1367/9, 1369/2, 1370/2, 1357, 1369/3, 1355/7, 1371, 1372/2, 1356/1, 1356/2, 1366/1, 1355/4, 1355/6, 1388, 1369/5, 1370/5, 1367/10, 1368/2, 1355/8, 1367/11, 1368/3, 1367/13, 1368/5, 1075/1ख, 1075/1ग, 1355/10, 1355/5, 1367/12, 1368/4, 1369/4, 1370/4, 1372/1 कुल रकबा19.35 एकड़ की भूमि के अवैध प्लाटिंग में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-च (अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंधन आयुक्त द्वारा अधिग्रहित किया जाना) एवं 292-छ (अवैध कॉलोनी निर्माण वाली भूमि का समपहरण) के अन्तर्गत कार्यवाही की जानी है।

अत: उक्त कॉलोनी में उपरोक्तानुसार खसरे के भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्ति/हितग्राही दिनांक 19/09/2025 से 30/09/2025 तक लिखित रुप में कार्यालयीन समय में आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर, विकास भवन के पास दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कॉलोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन आयुक्त, नगर पालिक निगम बिलासपुर के द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए? निर्धारित एवं तिथि पश्चात प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**Tender Notice**

No. 18622/CPC/2025 Bilaspur, dated 16/09/2025

The High Court of Chhattisgarh, Bilaspur invites sealed tenders from authorized and eligible scrap vendors for the collection and disposal of obsolete and non-functional computer articles, e-waste, and scrap materials from the High Court of Chhattisgarh, Bilaspur and various District Courts of Chhattisgarh State:-

Interested vendors may view and download the detailed Tender (terms and conditions and list of obsolete and non-functional computer articles, e-waste, and scrap materials) on the website viz. https://highcourt.cg.gov.in

(i) Documents Download start Date:- 17/09/2025
(II) Last Date of Submission of Physical documents:- 13/10/25 (till 04:30 PM)

Mansoor Ahmed
I/c Registrar General
High Court of Chhattisgarh,
Bilaspur (C.G.)

G.- 252603617/1

**खबर संक्षेप**

### डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 88.11 पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 88.11 पर बंद हुआ। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के चलते रुपये में तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को अस्थिरता को नियंत्रित करने और तेज मूल्यह्रास को रोकने में मदद मिली।

### सीईएससी कर रही 5,000 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।** सीईएससी ग्रीन पावर लि. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 5,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रक्रिया में है। इसमें 3,000 मेगावाट क्षमता का सौर सेल/मॉड्यूल संयंत्र लगाना शामिल है। सीईएससी ग्रीन पावर आरपी-संजीव गोयनका समूह की सीईएससी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

### टेक्समैको को मिला अल्ट्राटेक सीमेंट से वैगन का ऑर्डर




**कोलकाता।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से विशेष मालवाहक वैगनों और ब्रेक वैन की आपूर्ति के लिए 86.85 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। एडवेंट्ज़ समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि ये वैगन अल्ट्राटेक के मध्य प्रदेश स्थित मैहर और सरलानगर संयंत्रों के लिए होंगे।

### रोडस्टार इनविट में हिस्सेदारी बेचेगी आईएलएंडएफएस




**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज ने देनदारियों को कम करने के लिए रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट में अपनी पूरी 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। आईएलएंडएफएस ने रोडस्टार इनविट में अपनी 15.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए संभावित खरीदारों की तलाश हेतु एक्सिस बैंक को नियुक्त किया है।

### ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म की नई शाखा 'चेकइन' पेश

**नई दिल्ली।** ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने शुक्रवार को अपने प्रीमियम होटल और होमस्टे ब्रांडों को जोड़ने वाली एक नयी शाखा 'चेकइन' की पेशकश की। कंपनी अपने प्रीमियम होटलों और होमस्टे को चेकइन ऐप पर प्रदर्शित करेगी, जिसमें संडे होटल्स, क्लब हाउस और और पैलेट के साथ ही यूरोप में हॉलीडे होम्स शामिल हैं। चेकइन प्रीमियम और लक्जरी खंड में सेवाएं देगा, जबकि ओयो ऐप किफायती यात्रा करने वाले लोगों का पसंदीदा बना रहेगा।

# अमेरिका के बाद अब भारत में भी सस्ता होगा लोन? ब्याज दर में कटौती संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती कर दी है। फेड के ब्याज दरें घटाने के बाद अब भारत के लोगों की उम्मीदें भी कर्ज और सस्ता होने को लेकर बढ़ गई हैं।

- **कटौती से ईएमआई होगी कम और खर्च के लिए ज्यादा पैसे बचेंगे**

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में अगले महीने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होने वाली है, जिसमें रेपो रेट में कटौती को लेकर फैसला किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो कर्ज की ब्याज दरें और नीचे आ जाएंगी। संजय मल्होत्रा ने जब से आरबीआई गवर्नर की कमान संभाली है, रेपो रेट में तीन बार कटौती की जा चुकी है। रिजर्व बैंक ने तीन बार रेपो रेट में कटौती करके ब्याज दर को 1 फीसदी सस्ता कर दिया है। अब चौथी बार कटौती की उम्मीद भी जाग चुकी है। फेड रिजर्व के ब्याज दर घटाने के बाद भारत सहित तमाम देशों के शेयर बाजारों में तेजी लौट आई है।

## आरबीआई एक बार फिर रेपो रेट में कर सकती है कटौती

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

मिराई एसेट इनवेस्टमेंट मैनेजर्स के फिक्स्ड इनकम एनालिटिक्स के फंड मैनेजर कृति चेता का कहना है कि उपभोक्ता महंगाई अभी कंट्रोल में है। इससे अनुमान है कि आरबीआई के पास रेपो रेट में कटौती करने का एक मौका है। लिहाजा इस बार 25 से 50 आधार अंक तक कटौती की जा सकती है। क्लाइंट एसोसिएट्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक खुदानिया का कहना है कि महंगाई का दबाव कम होने की वजह से आरबीआई के पास एक बार फिर कटौती करने का मौका है। अनुमान है कि अक्टूबर की एमपीसी बैठक में 25 आधार अंक की कटौती की जा सकती है।




### महंगाई का दबाव भी कम

रिजर्व बैंक के पास रेपो रेट में कटौती का मौका इसलिए भी है कि खुदरा महंगाई की दर अभी 2 फीसदी के आसपास बनी हुई है। अगस्त में यह 2.07 फीसदी थी, तो जुलाई में 1.61 फीसदी के आसपास रही। अगस्त में थोड़ा उछाल आने की वजह खाद्य कीमतों में वृद्धि थी, जिसकी वजह से सब्जियों, मांस, मछली, तेल और पर्सनल केयर की चीजें महंगी हो गईं। यही वजह है कि खाद्य महंगाई दर 4.1 फीसदी के आसपास रही। जुलाई में भी खाद्य महंगाई करीब इतनी ही थी।

### अक्टूबर से शुरू हो रहा त्योहारी सीजन

आरबीआई की ओर से रेपो रेट में कटौती की उम्मीद इसलिए भी ज्यादा दिखने लगी है, क्योंकि अक्टूबर से ही त्योहारी सीजन शुरू हुआ है। सरकार ने पहले ही उपभोक्ता खपत बढ़ाने की तैयारियां कर ली हैं, जिसके लिए जीएसटी की दरों में बड़ी कटौती की जा चुकी है। 22 सितंबर से जीएसटी की घटी हुई दरें लागू हो जाएंगी और लोगों को सस्ता सामान मिलेगा, जिससे खपत बढ़ेगी। जाहिर है कि इन सस्ते सामानों को खरीदने के लिए लोगों की जेब में ज्यादा पैसा भी होना चाहिए।

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा खास राजकोषीय बोझ : क्रिसिल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा।

रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है।

### सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी

जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी।

### कर वसूली में मजबूती मिलेगी

क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75 प्रतिशत जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था।




- **सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपए के शुद्ध नुकसान का अनुमान**
- **वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रहा**

***स्लैब घटाने से राजस्व को नुकसान नहीं :*** *रिपोर्ट के मुताबिक, 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा। वहीं, मोबाइल शुल्क जैसी तेजी से बढ़ती सेवाओं पर दरें पहले की ही तरह हैं। वहीं, ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसी नई सेवाओं को जीएसटी दायरे में शामिल कर 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया है।*

### उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी

*क्रिसिल ने कहा कि कर में कटौती से उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी, जिससे मांग और जीएसटी संग्रह दोनों को प्रोत्साहन मिल सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उत्पादक कर में बदलाव का लाभ उपभोक्ताओं को किस हद तक पहुंचाते हैं।*

### जीएसटी में कटौती से कम होगा कर बोझ : फिक्की

*सरकार के 'जीएसटी 2.0' की घोषणा से परिवारों पर कर का बोझ कम होगा, छोटे और मझोले उद्यम (एमएसएमई) मजबूत होंगे और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को गति मिलेगी। उद्योग निकाय फिक्की ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि इन सुधारों के साथ भारत एकल कर व्यवस्था के और करीब आएगा।*

### पांच फीसदी कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी तिगुनी होगी

*फिक्की की तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के विरुद्ध काम करने वाली समिति (कैस्केड) ने एक रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी में इस बदलाव से पांच प्रतिशत कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी लगभग तिगुनी हो जाएगी। इस स्लैब वाली श्रेणियों की संख्या 'जीएसटी 2.0' में 54 से बढ़कर 149 हो जाएगी। इसमें कहा गया कि ग्रामीण परिवारों के लिए जिन उत्पादों को छूट प्राप्त है, उनकी हिस्सेदारी 56.3 प्रतिशत से बढ़कर 73.5 प्रतिशत होने की उम्मीद है।*

### शहरी परिवारों की हिस्सेदारी बढ़ेगी

*शहरी परिवारों के लिए यह हिस्सेदारी 50.5 प्रतिशत से बढ़कर 66.2 प्रतिशत होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके चलते ग्रामीण परिवारों के लिए प्रभावी जीएसटी दर 6.03 प्रतिशत से घटकर 4.27 प्रतिशत हो गई है। शहरी परिवारों के लिए यह 6.38 प्रतिशत से घटकर 4.38 प्रतिशत हो गई है*

# एप्पल के आईफोन 17 के लिए सुबह से ही कतारों में लगे ग्राहक



- **आईफोन के नए मॉडल की शुक्रवार से बिक्री शुरू हुई**
- **खरीदारों में खासा उत्साह देखा जा रहा**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल के लोकप्रिय उत्पाद आईफोन के नए मॉडल की बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई। इसे लेकर खरीदारों में खासा उत्साह देखा गया और एप्पल के अधिकृत स्टोर पर तड़के से ही लोग कतार में लग गए थे।

हाल ही में पेश किए गए आईफोन 17 मॉडल की बिक्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित देश के पहले एप्पल स्टोर पर शुरू हुई। तड़के से ही उत्साहित ग्राहकों की लंबी कतारें लग गई थीं। भीड़ इस कदर हो गई कि स्टोर खुलने से पहले मामूली झगड़े की भी नौबत आ गई। मुंबई पुलिस ने कहा कि सुबह करीब छह बजे कतार में घुसने को लेकर दो ग्राहकों के बीच कहासुनी बढ़कर हाथापाई में बदल गई। मौके पर मौजूद निजी एवं सरकारी सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला। पुलिस ने भी हल्का बल प्रयोग कर गड़बड़ी फैलाने वालों को बाहर निकाला। एप्पल के 83,000 रुपये से शुरू होने वाले नए फोन को खरीदने के लिए सुबह से ही स्टोर पर करीब 300 लोग दो कतारों में लग गए थे। हालांकि सुबह आठ बजे स्टोर खुलने के साथ ही माहौल सामान्य हो गया और ग्राहक सुचारु तरीके से अपनी पसंद का मॉडल खरीदने लगे।

### आईफोन 17 की भारत में कीमत 83,000 रुपए से शुरू

इस महीने की शुरुआत में अमेरिका में पहली बार पेश किए गए आईफोन 17 मॉडल की कीमतें भारत में करीब 83,000 रुपये से शुरू होती हैं और उन्नत मॉडल के हिसाब से महंगी होती जाती हैं। स्टोर पर पेश होने से पहले एप्पल ने खास मार्केटिंग डिस्प्ले लगाया था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक ने भी सोशल मीडिया पर मुंबई स्टोर की तस्वीर साझा की थी।

# सोने में 800 और चांदी में 500 रुपए की रही मजबूती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई।

चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही। इस तेजी के कई कारण हैं। इनमें इस साल एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में मजबूत निवेश और केंद्रीय बैंकों द्वारा सक्रिय रूप से सोना खरीदना शामिल है।



- **सोना चढ़कर 1,14,000 प्रतिशत 10 ग्राम**
- **चांदी बढ़कर 1,32,000 रुपए प्रति किलोग्राम**

### चांदी में लगातार दूसरे दिन बढ़त

*इसके अलावा, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज की गई और शुक्रवार को यह 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।*

### वेदांता को नीलामी में आंध्र का पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक मिला




**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक को नीलामी प्रक्रिया के जरिये हासिल किया है। यह खनिज ब्लॉक 152 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और फिलहाल जी4 स्तर की खोज के चरण में है। जी4 स्तर खनिज खोज की सबसे प्रारंभिक अवस्था होती है। इस चरण में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण कर खनिज संपन्न क्षेत्रों की पहचान की जाती है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि खनन एवं भूविज्ञान विभाग ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक के लिए वेदांता को तरजीही बोलीदाता घोषित किया है।

### स्टेटक्राफ्ट से पनबिजली संयंत्र खरीदेगी जेएसडब्ल्यू

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी ने 1,728 करोड़ रुपये में स्टेटक्राफ्ट के स्वामित्व वाले टिडोंग पावर जेनरेशन को खरीदने के लिए समझौता किया है।

## सैवियो ज्वैलरी ने हीरे की अंगूठी बेचने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

जयपुर स्थित सैवियो ज्वैलरी के सह-संस्थापक और निदेशक अभिषेक सैंड ने गिनीज रिकॉर्ड बनाने वाली मोर के आकार की हीरे की अंगूठी को ब्रांड परिसंपत्ति में बदलने का फैसला किया है। कंपनी ने इस अंगूठी को बेचने से इनकार कर दिया है, जिसकी कीमत करीब 27 लाख अमेरिकी डॉलर है।

सैवियो ज्वैलरी ने भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर के आकार वाले इस आकर्षक आभूषण के लिए ''एक अंगूठी में सबसे अधिक हीरे जड़ने'' का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। सात भागों में तैयार की गई इस अंगूठी के लिए कंपनी को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने सम्मानित किया था। इसके आगे और पीछे दोनों तरफ हीरे जड़े हुए हैं। सैंड ने हाल में सऊदी अरब ज्वैलरी प्रदर्शनी में बताया, ''हमने इस आभूषण को कभी नहीं बेचने का फैसला किया है। यह हमारी ब्रांड पहचान बन गई है।'' कंपनी ने 2015 से 2018 तक यह रिकॉर्ड अपने नाम रखा। गिनीज के अधिकारियों ने इस अंगूठी का मूल्य 27 लाख अमेरिकी डॉलर आंका। अंगूठी को अपने पास रखने की जगह सैवियो ज्वैलरी इसे अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों और व्यापार मेलों में मुख्य आकर्षण के रूप में इस्तेमाल करती है। यह विपणन रणनीति कारगर साबित हुई है, क्योंकि अंगूठी हर प्रदर्शनी में लोगों को आकर्षित करती है और चर्चा का विषय बनती है।

## सुजुकी बाइक की कीमतें 18,024 रुपए घटाएगी



**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 18,024 रुपये तक की कटौती करेगी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने एक बयान में कहा कि 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी संशोधित कीमतों के साथ ग्राहक अब इस बचत का आनंद ले सकते हैं। इसके तहत विभिन्न मॉडल के आधार पर अधिकतम लाभ 18,024 रुपये तक होगा। कंपनी ने कहा कि दोपहिया वाहनों के साथ ही, कलपुर्जों और अन्य सहायक उपकरणों की लागत में भी कमी आएगी। एसएमआईपीएल के बिक्री एवं विपणन उपाध्यक्ष दीपक मुटरेजा ने कहा, ''हम भारत सरकार के जीएसटी 2.0 सुधारों का स्वागत करते हैं, जो आम जनता के लिए परिवहन को और अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है।''

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी महेंदरा उरांव उम्र 38 वर्ष पिता अवध राम उरांव निवासी आत्माराम चाल सक्ती तहसील सक्ती व् जिला सक्ती छ.ग. के नाम पर दर्ज भूमि मौजा देवरीखुर्द प.ह.न. 23 रा.नि.म जरौधा ब्लाक तखतपुर तहसील तखतपुर व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा न. क्रमशः 279/1 रकबा 0.2400 हेक्टेयर, 279/2 रकबा 0.2340 हेक्टेयर, 283/2 रकबा 0.4780 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर योग 3 कुल रकबा 0.9520 हेक्टेयर (2.35 एकड़) को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दिया है। निकट भविष्य में उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना है।

उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति संस्था, बैंक शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। तथा इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक 17/09/2025
स्थान- बिलासपुर

**अभिषेक वर्मा**
**अधिवक्ता राज किशोर नगर**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**7869760083, 8109987330**

## समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं सरस्वती देवी, उम्र 35 साल, पति श्री संजय कुमार जाति सूर्यवंशी, निवासी मोपका वार्ड नं. 48 माया डी.जे. गली सीपत रोड बिलासुपर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूं, जो कि निम्नानुसार कथन करती हूँ कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम पते का स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 9466 2812 0526 में मेरा नाम सरस्वती देवी दर्ज है जो कि सत्य व सही है। 3. यह कि मेरे पुत्री अविका काठे पिता श्री संजय कुमार के स्कूल के अंकसूची में मेरा नाम सरस्वती काठे दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिवश गलत अंकित है। 4. यह कि मेरे पति श्री संजय कुमार पिता स्व. शीश राम के आधार कार्ड 5382 4951 8152 मे उनका नाम संजय कुमार दर्ज है जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि मेरी पुत्री के अंकसूची में मेरे पति का नाम संजय कुमार काठे दर्ज है जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। 6. यह कि मेरे पुत्री अविका काठे पिता श्री संजय कुमार के स्कूल के अंकसूची में मेरा नाम सरस्वती काठे की जगह सरस्वती देवी, मेरे पति का नाम संजय कुमार दर्ज किया जाये जिसके संबंध में यह शपथ पत्र आपके समक्ष निष्पादित कर रही हूं।

**शपथकर्ता- सरस्वती देवी**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 12.09.2025

ग्राम मोपका के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 847/1क/8, 847/25/8 एवं 847/35/8 में से रकबा 1674 वर्गफीट भूमि का एकड़/ हे./ वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख/ फौती/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ रिकार्ड दुरूस्ती के आधार पर किये जाने के लिए इंदिरा देवी पिता/ पति चन्द्रकुमार राठौर निवासी रेलवे कालोनी बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 08.10.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 12.09.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. /2024-25
ग्राम- खैरी प.ह.नं. 31

एतद् द्वारा ग्राम खैरी प.ह.नं. 31 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शांति बाई पिता गुरूराम जाति गोड़ निवासी खैरी पैतृक गृह ग्राम करही तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पिता गुरूराम पिता बिसौहा की मृत्यु दिनांक 19/08/2012 को स्थान करही तहसील तखतपुर में होने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 26/9/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार, तखतपुर**

## न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली, (छ.ग.)

चंद्रकली.........वादिनी विरूद्ध
भगबलिया वगैरह ......प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.-135अ/2025
पेशी दिनांक-10.10.2025
प्रो.क्र.- 166/25

**न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब पेश करने हेतु समंस**

वादिनी ने प्रतिवादी क्रमांक 3 खेलन सिंह जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसमें पेशी आगामी दिनांक-10.10.2025 को नियत है।

अतः प्रतिवादीगण एवं अन्य प्रतिवादी क्रमांक 3 खेलन सिंह पिता स्व. अंजोर जाति सतनामी निवासी ग्राम मुढ़िया पोस्ट कोदवाबानी तहसील व जिला-मुंगेली, छ.ग. जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक- 10.10.2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक-15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**(नारायणी कच्छप)**
**व्य.न्या.कनिष्ठ श्रेणी के प्र.अति.न्या.**
**मुंगेली, जिला-मुंगेली, छ.ग.**

## समक्ष नोटरी महोदय सिविल जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**//शपथ पत्र //**

मैं गीता वलेचा पति श्री विजय वलेचा, उम्र 42 वर्ष निवासी कस्तूरबा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-
1. यह कि मेरा नाम गीता वलेचा पति श्री विजय वलेचा है तथा सामान्य बोलचाल में मुझे पायल वलेचा के नाम से भी संबोधित किया जाता है एवं मेरे आधार एवं पैन कार्ड में मेरा नाम गीता वलेचा पति श्री विजय वलेचा अंकित है।
2. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे सामान्य बोलचाल में प्रयोग में आने वाला नाम पायल वलेचा अंकित है।
3. यह कि मैं अपना नाम गीता वलेचा को बदलकर पायल वलेचा कराना चाहती हूं, एवं अपने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अपना नाम गीता वलेचा के स्थान पर पायल वलेचा अंकित किये जाने हेतु यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ।

**शपथकर्ता - गीता वलेचा**

**सत्यापन**

मैं गीता वलेचा, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 में वर्णित व दर्शित तथ्य व कथन मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 19/09/2025 सही होना जानकर स्थान बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

**शपथकर्ता - गीता वलेचा**

## न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र........./अ-6/2024-25
पक्षकार- पदमा मेश्राम पिता स्व. नारायण मेश्राम....आवेदिका बनाम इन्दु गेडाम पिता स्व.मधुकर राव गेडाम अनावेदिका.....

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पद्मा मेश्राम पिता स्व. नारायण मेश्राम निवासी मगरपारा अम्बेडकर नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा नजूल शीट नं. 16, प्लाट नं. 5/1, रकबा 620 व.फु. में से 310 व.फु. भूमि स्थित है। आवेदित भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में अनावेदिका इन्दु गेडाम पिता स्व.मधुकर राव गेडाम के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के द्वारा उक्त भूमि को अनावेदिका से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग.भू.-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 8/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति /दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 19/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं सरस्वती देवी, उम्र 35 साल, पति श्री संजय कुमार जाति सूर्यवंशी, निवासी मोपका वार्ड नं. 48. माया डी.जे. गली सीपत रोड बिलासुपर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूं, जो कि निम्नानुसार कथन करती हूँ कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम पते का स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 9466 2812 0526 में मेरा नाम सरस्वती देवी दर्ज है जो कि सत्य व सही है। 3 यह कि मेरे पुत्री सुप्रिया काठे पिता श्री संजय कुमार के स्कूल के अंकसूची में मेरा नाम सरस्वती काठे दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिवश गलत अंकित है। 4. यह कि मेरे पति श्री संजय कुमार पिता स्व. शीश राम के आधार कार्ड 5382 4951 8152 मे उनका नाम संजय कुमार दर्ज है जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि मेरी पुत्री के अंकसूची में मेरे पति का नाम संजय कुमार काठे दर्ज है जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। 4 यह कि मेरे पुत्री, सुप्रिया काठे पिता श्री संजय कुमार के स्कूल के अंकसूची में मेरा नाम सरस्वती काठे की जगह सरस्वती देवी, एवं मेरे पति का नाम संजय कुमार दर्ज किया जाये जिसके संबंध में यह शपथ पत्र आपके समक्ष निष्पादित कर रही हूं।

**शपथकर्ता- सरस्वती देवी**

## न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस**

संतोष कुमार साहू.... वादी
//बनाम //
रमला देवी साहू वगैरह.... प्रतिवादीगण
व्य. वाद क्र.: सीएस/ए/105/2020
पेशी तारीख : 16.10.2025
आदेश दिनांक 12.09.2025
प्रोसेस नं. 121

प्रति, आम जनता (जो इस वाद से संबंधित हो)

वादी के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा हेतु कीमती 1200/- रूपये प्रतिवादी व आपके विरूद्ध संस्थित किया है कि हरिराम साहू पिता हगरूराम निवासी-लोहर्सी सोन, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ.ग. वर्ष 2008 से गुमशुदा होने के कारण उन्हे व्यवहारिक रूप से मृत्यु / सिविल मृत्यु हो चुकी है, की घोषित आज्ञप्ति जारी हो। जो इस न्यायालय में सुनवाई हेतु 16.10.2025 को नियत है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक आदि को इस वाद में अपनी दावा/ आपत्ति करनी हो तो वह स्वयं या अपने किसी प्लीडर के माध्यम से पेशी दिनांक 16.10.2025 को इस न्यायालय में दिन के 11.00 बजे उपस्थित हो सकते है और इस दिन को अपना दावा/ आपत्ति या जो भी दस्तावेज पेश करना हो, पेश कर सकते है, यदि उक्त पेशी दिनांक को आप अनुपस्थित रहे तो आपकी अनुपस्थिति में वाद प्रकरण में सुनवाई किया जायेगा, यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जायेगी।

अतः आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

स्थान - बिलासपुर
दिनांक 18/09/2025

**(श्रीमती सविता ठाकुर)**
**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

## न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 12.09.2025

श्री वैभव श्रीवास्तव आत्मज श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव उम्र 35 वर्ष निवासी रामावैली मकान नंबर आर 8/17, थाना चकरभाठा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं (तलाकशुदा) यामिनी साहू आत्मजा श्री एल.आर. साहू उम्र 35 वर्ष निवासी सुंदर नगर रायपुर मकान नंबर 350 थाना डी.डी. नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 23.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


वैभव श्रीवास्तव


यामिनी साहू

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

### कृषि मंत्री नेताम गुजरात में राइजिंग एग्री समिट में हुए शामिल

# गुजरात की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी होगा पशुधन-मछली पालन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित "राइजिंग एग्री समिट" में शामिल हुए। उन्होंने आनंद जिले के प्रसिद्ध अमूल प्रोसेसिंग प्लांट के डेयरी प्रबंधन, आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीकों और मूल्य संवर्धन की प्रक्रियाओं का अवलोकन भी किया। गुजरात में आयोजित इस समिट में देश-विदेश के विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के साथ कृषि क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि गुजरात मॉडल की तर्ज पर ही इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों को राज्य की नीतियों और योजनाओं में शामिल कर किसानों और पशुपालकों के लिए नए अवसर सृजित किए जाएंगे।



मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सभी प्रकार के किसानों के उन्नति के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने समिट में बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार समर्थन मूल्य के साथ-साथ कृषि उन्नति योजना लाकर किसानों के समृद्धि के लिए काम कर रही है, वहीं भूमिहीन मजदूर किसानों के लिए भी वार्षिक सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार कृषि विकास के कार्यों के साथ ही पशुपालक और मत्स्य किसानों की सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाले जनजातीय परिवारों को दुधारू गायें दी जा रही हैं। इससे वनांचल में रहने वाली जनजातियों को अतिरिक्त आमदनी हो रही, जिससे उनके जीवन में बदलाव देखने को मिल रहा है।

मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में डेयरी और पशुधन क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के संबंध में लिए गए फैसलों व तैयार की गईं नीतियों सहित संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उनके साथ पशुधन विकास विभाग के निदेशक चंद्रकांत वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## ओडिशा और गुजरात के बीच जल्द दौड़ेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

### रेलवे बोर्ड ने की नई ट्रेन चलाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रेलवे बोर्ड ने ब्रह्मपुर, ओडिशा से उधना, सूरत, गुजरात के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की है। यह नई ट्रेन पूर्वी, मध्य और पश्चिम भारत के महत्वपूर्ण जिलों को जोड़ेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को इसका लाभ मिलेगा। यात्रियों को लंबी दूरी के लिए सीधी, तेज और सुगम रेल सेवा मिलेगी। रायपुर और गोंदिया में इसका स्टॉपेज तय किया गया है। इस ट्रेन के जरिए ओडिशा से गुजरात तक यात्रा का समय कम होगा और खनिज, वस्त्र तथा औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

अमृत भारत एक्सप्रेस में अत्याधुनिक एलएचबी कोच लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सीटिंग अरेंजमेंट और ऑनबोर्ड सुविधाओं के साथ आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा। यह ट्रेन न केवल ओडिशा, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात के यात्रियों को सीधा लाभ देगी, बल्कि इन राज्यों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह सेवा और अधिक सहज और सुविधाजनक होगी।

# टीटीई ने ट्रेन रोकी, वेतन कटा डिमोशन हुआ, 15 साल बाद हाईकोर्ट ने सभी सजा खारिज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर। ट्रेन में चेन पुलिंग करने पर सजा पाए एक टीटीई को हाईकोर्ट ने 15 साल बाद बरी कर दिया है। साल 2012 में रेलवे ने दो बार चेन पुलिंग के आरोप में टीटीई की वेतनवृद्धि रोकी, डिमोशन किया और वेतन कटौती की सजा दी थी। मामला साल 2012 का है। रेलवे ने 2 आरपीएफ जवानों के गवाह के आधार पर टीटीई को सजा दी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि टीटीई ने चेन तो खींची पर उनका परिवार नहीं आया। हाईकोर्ट ने 15 साल बाद उन्हें राहत देते हुए सजा को रद्द कर दिया है। कोर्ट के मुताबिक आरोप स्पष्ट नहीं थे और ऐसे में सजा देना उचित नहीं था।

दरअसल आस्टिन हाइड रेलवे में टीटीई पद पर पोस्टेड हैं। 15 जुलाई 2010 में आस्टिन बिलासपुर रेलवे स्टेशन से यशवंतपुर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 2252) में बतौर यात्री सफर कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ट्रेन की अलार्म चेन दो बार खींची। उन पर आरोप लगा कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनके परिवार की महिलाएं और सामान ट्रेन में चढ़ाई जा सके। रेलवे प्रशासन ने इस मामले की विभागीय जांच कराई, जिसमें आरपीएफ के दो जवानों को गवाह बनाया गया।

### हाईकोर्ट ने कहा- ट्रेन में चेन पुलिंग अपराध नहीं, जब तक गलत साबित ना हो



उन्होंने अपने बयान में बताया कि आस्टिन हाइड ने चेन खींची थी और कारण बताया कि उनका परिवार नहीं पहुंचा। 2012 में उन्हें ट्रेन में चेन पुलिंग के लिए दोषी माना गया। जिसके बाद उनके दो वेतनद्धि रोकने के साथ ही डिमोशन और दो साल के लिए वेतन कटौती की सजा दी गई। विभागीय अपील और पुनरीक्षण के साथ ही कैट ने भी केस खारिज कर दिया। साथ ही रेलवे के फैसले को बरकरार रखा।

### कर्मचारी ने बिना कारण चेन खींची, तभी यह कदाचार माना जाएगा

इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें तर्क दिया गया कि ट्रेन में चेन खींचना अपने आप में अपराध या अनैतिक नहीं है, जब तक यह सिद्ध न हो कि यह बिना उचित और पर्याप्त कारण के किया गया हो। याचिका में बताया गया कि गवाहों ने केवल चेन खींचने की बात कही है लेकिन, यह साबित नहीं किया कि बिना पर्याप्त कारण के उन्होंने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी थी। आरोप पत्र में भी यह नहीं बताया गया कि अनुचित कार्य के कारण उन्होंने चेन पुलिंग की थी। इस मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की बेंच में हुई। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि अनुशासनिक प्राधिकारी, अपीलीय प्राधिकारी, पुनरीक्षण प्राधिकारी और कैट, सभी ने गंभीर त्रुटि की और अस्पष्ट आरोपों पर ही सजा को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने सभी आदेशों (2012, 2013, 2014 और 2023) को रद्द कर दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता आस्टिन हाइड को दी गई सजा समाप्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में विभागीय अधिकारियों को यह साबित करना आवश्यक है कि कर्मचारी ने बिना कारण चेन खींची, तभी यह कदाचार माना जाएगा।

# मनी लानड्रिंग केस, चैतन्य बघेल की याचिका पर ईडी ने पेश किया जवाब

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के मनी लॉनड्रिंग मामले में चैतन्य बघेल के खिलाफ हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। ईडी की ओर से अपना जवाब पूरा कर दिया गया है। अब अगली कार्यवाही में दोनों पक्ष लिखित तर्क पेश करेंगे। जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में चल रही इस याचिका में चैतन्य बघेल ने ईडी की कार्रवाई को चुनौती दी है। ईडी ने उन्हें मनी लॉनड्रिंग मामले में हिरासत में लिया था। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 23 सितंबर तय की है। दरअसल, शराब घोटाला और मनी लॉनड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को भी आरोपी बनाया है।

आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। शराब घोटाले से मिले ब्लैक मनी को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया गया। साथ ही 1000 करोड़ रुपए की हैंडलिंग (हेराफेरी) की गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि, चैतन्य बघेल के विट्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट (बघेल डेवलपर्स) में घोटाले के पैसे को इन्वेस्ट किया गया है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े अकाउंटेंट के ठिकानों पर छापेमारी कर ईडी ने रिकॉर्ड जब्त किए थे। प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट राजेन्द्र जैन ने बताया कि, इस प्रोजेक्ट में वास्तविक खर्च 13-15 करोड़ था। जबकि रिकॉर्ड में 7.14 करोड़ ही दिखाया गया। जब्त डिजिटल डिवाइसेस से पता चला कि, बघेल की कंपनी ने एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ कैश पेमेंट किया, जो रिकॉर्ड में नहीं दिखाया गया।

### हिरासत में लेने पर दी गई है चुनौती, 23 सितंबर को अगली सुनवाई

## 24 साल पुराने दुष्कर्म केस में आरोपी की 7 साल की सजा रद्द

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 24 साल पुराने दुष्कर्म केस में आरोपी की 7 साल की सजा रद्द कर दी है। जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की बेंच ने कहा कि घटना के समय आरोपी 16 साल 8 माह का नाबालिग था, इसलिए केस किशोर न्याय बोर्ड को भेजा जाता है। बोर्ड को छह माह में निर्णय देने के निर्देश दिए गए हैं। सजा के खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। सुनवाई के दौरान उसने दावा किया कि घटना के समय वह नाबालिग था। बचाव पक्ष ने स्कूल रिकॉर्ड भी पेश किया, जिसके अनुसार उसकी जन्मतिथि 15 अक्टूबर 1984 है। इस हिसाब से घटना के दिन उसकी उम्र 16 साल 8 महीने 19 दिन थी। घटना 3-4 जुलाई 2001 की रात रतनपुर क्षेत्र के एक गांव की है। पीड़िता 15 वर्ष की किशोरी थी। आरोपी उसका रिश्ते में मौसेरा भाई है। घटना की रात वह पीड़िता के घर में रुका था। देर रात उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। अगले दिन पीड़िता ने स्वजन को पूरी बात बताई। फिर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। अपराध सिद्धि पर सेशन कोर्ट ने 29 अप्रैल 2002 को आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(1) के तहत 7 साल सश्रम कारावास और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की एकलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के हरीराम बनाम राजस्थान राज्य और भारत भूषण बनाम दिल्ली सरकार व अन्य मामलों के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अपराध की तारीख पर उम्र देखी जाती है, न कि सजा सुनाए जाने की तारीख पर। अदालत ने माना कि आरोपी नाबालिग था और उसे किशोर न्याय अधिनियम, 2000 का लाभ मिलना चाहिए। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला रद करते हुए केस को किशोर न्याय बोर्ड बिलासपुर को भेजने का निर्देश दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जेन-जेड में राहुल ...

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू ने तो देश के दो हिस्से बांटे थे, लेकिन राहुल गांधी देश को 10 हिस्सों में बांटना चाहते हैं। **राहुल ने जेन जेड से की ये अपील...** बुधवार को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के स्टूडेंट्स, देश के जेन जेड संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद! उन्होंने भरोसा जताया है कि देश का जेन जेड ना सिर्फ इस मुद्दे को उठाएगा बल्कि वही अब देश के संविधान की भी रक्षा करेगा।

**जेन जेड परिवारवाद के खिलाफ : निशिकांत दुबे** - सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर ही राहुल पर निशाना साधते हुए लिखा कि जेन जेड परिवार वाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वह नेहरू जी, इंदिरा जी, राजीव जी, सोनिया जी के बाद राहुल जी को क्यों बर्दाश्त करेगा? वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है, आपको क्यों नहीं भगाएगा? वह बांग्लादेश में इस्लामिक राष्ट्र और नेपाल में हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है, वह भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं बनाएगा? देश छोड़ने की तैयारी आप कर लीजिए — आ रहे हैं। **आप ने भी राहुल के बयानों का किया समर्थन-** आप दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भी राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले यह मुद्दा सबूतों के साथ उठाया था, लेकिन चुनाव आयोग ने मामले की जांच नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है, इसलिए इस वोट चोरी के मुद्दे से पूरा देश वाकिफ हो जाएगा। उन्होंने आज भी प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है, जिसमें चुनाव आयोग पर निशाना साधा जाएगा।

### हरिभूमि-आईएनएच का रियल ....

विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान रियल एस्टेट से जुड़े लोग भी हिस्सा लेंगे। शिक्षा, हेल्थ के बाद सृजन- सृजन संवाद में छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट, प्रदेश की आधारभूत संरचना पर संवाद होगा। छत्तीसगढ़ के विकास में रियल एस्टेट की वर्तमान भूमिका और भविष्य पर मंथन किया जाएगा। कॉन्क्लेव न केवल संवाद का मंच बनेगा बल्कि छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि-आईएनएच द्वारा इससे पूर्व शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय को लेकर सफल एवं उपयोगी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ और उस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया था।

### ईओडब्लू की रिमांड ....

में अहम रोल निभाने का आरोप है। घोटाले से उन्हें हर महीने 50 लाख मिलते थे। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि सेवानिवृत्त आईएएस निरंजन दास, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के तत्कालीन विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर और अन्य ने मिलकर शराब घोटाला करने सिंडिकेट खड़ा किया था। आरोपों के मुताबिक, सिंडिकेट ने सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय करने, डिस्टलरियों से अतिरिक्त शराब बनवाने, विदेशी ब्रांड की अवैध सप्लाई कराने और डुप्लीकेट होलोग्राम के जरिए शराब बेचने जैसी गतिविधियों से इस सिंडिकेट ने राज्य सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया।

**दो साल संविदा पर रहे आयुक्त**

आबकारी आयुक्त निरंजन दास फरवरी 2023 में सेवानिवृत्त हो गए थे। सिंडिकेट से जुड़े प्रभावशाली लोगों की अनुशंसा पर निरंजन दास को संविदा में आबकारी आयुक्त बनाया गया। निरंजन दास की कई बार अग्रिम जमानत याचिकाएं पूर्व में खारिज हो चुकी हैं। कानूनी दांव-पेंच का सहारा लेते हुए निरंजन दास को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई थी। निरंजन दास से पूछताछ में घोटाले से जुड़े कई और अन्य खुलासे हो सकते हैं।

### टेंडर दिलाने में ...

की आबकारी नीति बदलवाने की भी साजिश रची। जनवरी 2022 में ढेबर और त्रिपाठी के साथ झारखंड के अधिकारियों के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ मॉडल लागू कराया।

### सीबीआई ने सीजीपीएससी ...

नियंत्रक, सचिव के अलावा जीवन किशोर ध्रुव के बेटा डिप्टी कलेक्टर सुमित ध्रुव, टामन सोनवानी के भाई की पुत्रवधू डिप्टी कलेक्टर चयनित मिशा कोसले, जिला आबकारी अधिकारी दीपा आदील शामिल है।

### यह है पूरा ....

सीबीआई ने तत्कालीन अध्यक्ष, तत्कालीन डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन, चार चयनित उम्मीदवारों और एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। सभी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### जीएसटी सलाहकार से ....

का नुकसान हुआ है। टैक्स चोरी करने फर्जी फर्म बनाने के साथ बोगस ई-वे बिल जनरेट करने का मास्टर माइंड मोहम्मद फरहान सरोठिया है। जीएसटी अफसरों ने बयान जारी कर बताया है कि फहान की गतिविधियों पर स्टेट जीएसटी की बीआईयू टीम एक माह से नजर रख रही थी। छापे की भनक लगते ही फरहान फरार हो गया। जीएसटी के अफसरों ने फरहान के कर्मचारियों से पूछताछ के आधार पर कई संदिग्ध दस्तावेज जब्त की है। छापे की कार्रवाई 12 सितंबर से लेकर 17 सितंबर तक जारी रहा। **कारोबारियों के लिए बनाता था बोगस फर्म** जीएसटी अफसरों के अनुसार फरहान कारोबारियों के लिए बोगस फर्म बनाने का काम करता था। साथ ही कारोबारियों के कहने पर उनके लिए फर्जी ई- वे बिल बनाने का काम करता था। इन कामों के लिए फरहान कारोबारियों से मोटी रकम वसूलता था। फरहान इतना चालबाज था कि जो कोई उसके पास आईटी रिटर्न दाखिल करवाने जाता था, वह उनके दस्तावेज की कॉपी से फर्जी फर्म बना लेता था। फरहान से बोगस ई-वे बिल तथा फर्जी फर्म बनाने वाले ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और इनपुट टैक्स क्रेडिट के लाभ लेने वाली कम्पनियां जीएसटी के निशान पर हैं।

### आयकर विभाग भी ...

तलाशी करने पहुंचे। अफसर घर से कैश तथा गोल्ड जब्ती करने के बाद इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी। कैश तथा गोल्ड जब्ती की जांच अब आयकर विभाग के अफसर करेंगे।

### पांच कर्मियों के भरोसे ...

लिये रखा था। इसके अलावा मास्टर माइंड के आफिस से बोगस पंजीयन के लिये किराया नामा, सहमति पत्र, एफिडेविट तैयार करने के भी साक्ष्य मिले हैं।

### 26 बोगस फर्मों से ...

है। यहां से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार फरहान ने राज्य तथा राज्य के बाहर पंजाब, असम, मणिपुर, ओडिशा में भी जीएसटी पंजीयन लिया है। पंजीयन के लिए बोगस दस्तावेज जैसे किराया नामा एवं सहमति पत्र भी तैयार किये जाते थे। इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे।

### बर्खास्तगी के अल्टीमेटम के बाद हेल्थ के...

की हड़ताल पर उच्चस्तरीय चर्चा हुई और समाधान पर फैसला हुआ है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों से हड़ताल अवधि के दौरान स्वंय मैने, एमडी एनएचएम और स्वास्थ्य सचिव ने का प्रयास किया था मगर कर्मचारियों ने उनकी बात नहीं मानी। जबकि विभाग ने उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए उनकी कई मांगों हड़ताल के पहले ही पूरी कर चुकी है और बाकी पर आवश्यकता के अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक माह से स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होने की वजह आम जनता के बीच विभाग की गलत छवि बन रही है जिसे देखते हुए इस तरह का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को शाम पांच बजे तक जो कर्मचारी काम पर लौटते हैं उन्हें छोड़कर शेष को बर्खास्त किया जाएगा। इसके बाद विभाग सोमवार से रिक्त पदों पर नयी भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू करेगा। इसी अल्टीमेटम ने असर दिखाया और एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। एनएचएम के संविदा कर्मचारी संघ के प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि शुक्रवार की रात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के बाद अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है।

### काम पर लौटे तो नोटिस...

इंश्योरेंस की राशि को 10 लाख किया गया है। उन्होंने बताया कि संविदा कर्मचारियों के वेतन में 22 प्रतिशत की वृद्धि पहले ही की जा चुकी और 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की प्रकिया जारी है जो हर वर्ष की जाती है। सीएम ने फैसले ...जनता का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार ने सदैव इस दिशा में ठोस पहल की है। श्री साय ने कर्मचारियों के इस फैसले को सराहनीय बताया।

### छह मंत्रियों को जिलों...

प्रभार संबंधी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया था। अब इसमें एक और संशोधन किया गया है।

### एक परिवार के तीन लोगों को सर्प...

नगर की है। यहां निवासरत चंद्रमणि भारद्वाज अपनी पत्नी रजनी भारद्वाज 40 वर्ष और 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस के साथ निवास करता था। बताया जाता है कि गुरुवार को तीनों घर के भीतर सो रहे थे। इस दौरान देर रात लगभग 3 बजे चंद्रमणि भारद्वाज उसके पुत्र प्रिंस और उसकी पत्नी रजनी को किसी जहरीले जहरीले सर्प ने डस लिया। जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन नींद से जागे और आनन-फानन में उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद तीनों को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए गोपालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए तीनों को मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह तीनों को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत चूड़ामणि भारद्वाज और उसके 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया गया जबकि उसकी पत्नी रजनी बाई भारद्वाज की हालत नाजुक बनी हुई है। जहां उसका उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस विधायक ने किया अशोक चक्र का अपमान

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, खरसिया के कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने अशोक चक्र का अपमान किया है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे एक चित्र में उमेश पटेल अशोक चक्र पर जूते पहने बैठे नजर आ रहे हैं। श्री चिमनानी ने कहा, संविधान, लोकतंत्र, राष्ट्रीय अस्मिता के साथ कांग्रेस किस निम्न स्तर तक जाकर अपमानजनक आचरण का प्रदर्शन करती है, उमेश पटेल का यह कांग्रेसी राजनीतिक चरित्र इसकी पुष्टि करने के लिए पर्याप्त है। यह सब सचिन पायलट और दीपक के सामने हुआ।

THROUGH HUMANITY TO PEACE
Indian Redcross Society
CHHATTISGARH STATE BRANCH, RAIPUR
(Constituted Under Act XV Of 1920)
Red Cross Bhavan, First Floor, Collectorate Premises, Raipur (C.G.) 492001
Phone: 0771-2435400, cgredcross.org, Email- ircschhattisgarh@gmail.com

विज्ञापन संख्याः 1847 // निविदा आमंत्रण (Tender Notice) // दिनांकः 19/09/2025

हेल्थ एटीएम मशीन खरीदने हेतु निविदा आमंत्रण

इस कार्यालय द्वारा 05 नग "हेल्थ एटीएम मशीन" क्रय हेतु दिनांक 23/07/2025 को जारी निविदा क्रमांक 1002 निरस्त करते हुए पुनः द्वितीय निविदा आमंत्रण जारी किया जा रहा है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छ.ग. राज्य शाखा, रायपुर के लिये 05 नग "हेल्थ एटीएम मशीन" क्रय कार्य हेतु राज्य/राष्ट्रीय स्तर के निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित राशि 2000/- रु. मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा, रायपुर के नाम पर तैयार कर निविदा प्रपत्र रेडक्रॉस राज्य कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते है।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 13/10/2025
निविदा खोलने की तिथिः 15/10/2025
निविदा खोलने की तिथि एवं समय में आकस्मिक कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जायेगी।

सेक्रेटरी,
इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी,
छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर
मो. 94255 04447

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
दूरभाष: 011-46060503/548/685 वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in

क्रमांक : एफ-3/33/एलबीएस/शै./2025-26/ दिनांक : 16.09.2025

प्रवेश सूचना 2025-26

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के केन्द्र में स्थित, अत्याधुनिक संसाधनो से युक्त एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है तथा नैक (NAAC) द्वारा इस विश्वविद्यालय को सर्वोच्च A++ ग्रेड प्राप्त है। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न विषयों में शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य, एम.ए. एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। इच्छुक आवेदक निर्धारित लिंक https://slbsrsvadmission.samarth.edu.in पर प्रवेश हेतु दिनांक 26.09.2025 तक पंजीकरण करवा कर प्रवेश काउन्सलिंग एवं प्रवेश शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश-अर्हता योग्यता, वरीयता सूची के आधार पर एवं रिक्त/उपलब्ध स्थानो के अनुसार किया जायेगा। पंजीकरण शुल्क 300/- रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा। संबंधित पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों का विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | रिक्त स्थान | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शास्त्री (बी.ए) वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीनव्याकरण, नव्यव्याकरण, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, संहिता ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, पुराणेतिहास, प्राकृत, सर्वदर्शन, प्राचीन न्यायवैशेषिक, नव्यन्याय, सांख्ययोग, योग, जैनदर्शन, मीमांसा, अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त (सभी श्रेणियों हेतु) | | | | | |
| 2. | आचार्य (एम.ए)- वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीनव्याकरण, नव्यव्याकरण, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, पुराणेतिहास, प्राकृत, सर्वदर्शन, प्राचीन न्यायवैशेषिक, नव्यन्याय, सांख्ययोग, योग, जैनदर्शन, मीमांसा, अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त (सभी श्रेणियों हेतु) | | | | | |
| 3. | बी.ए योग | सभी श्रेणियों हेतु | | | | |
| 4. | एम.ए. योग | EWS-05 | OBC-11 | SC-04 | ST-04 | GEN-00 |
| 5. | एम.ए. हिन्दी | EWS-05 | OBC-05 | SC-01 | ST-02 | GEN-01 |
| 6. | एम.ए. हिन्दू अध्ययन | EWS-00 | OBC-00 | SC-03 | ST-02 | GEN-00 |
| 7. | एम.ए. समाजशास्त्र | EWS-01 | OBC-00 | SC-00 | ST-01 | GEN-00 |
| 8. | एम.ए. राजनितिक विज्ञान | EWS-00 | OBC-00 | SC-03 | ST-02 | GEN-00 |
| 9. | अंशकालीन पाठ्यक्रम- पी.जी. डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्रीय | सभी श्रेणियों हेतु | | | | |

उपर्युक्त सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेवसाईटः www.slbsrsv.ac.in पर उपलब्ध है। संपर्क सूत्र- 011-46060503, 011-46060548, 011-46060685.

कुलसचिव (प्र.)

CBC-21371/12/0007/2526

# खतरों से भरा है मंगल ग्रह पर ठहरना

वॉशिंगटन। सालों से वैज्ञानिक मंगल ग्रह पर इंसानों को भेजने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिकता के बढ़ते दौर में भी ये संभव नहीं हो पाया है। नासा का कहना है कि मंगल ग्रह पर इंसानों को भेजने पर बड़े खतरे का सामना करना पड़ सकता है जो किसी भी मिशन से बिल्कुल अलग है। यहां पर जाने वाले यात्रियों को शारीरिक मानसिक खतरों के अलावा पर्यावरणीय खतरों का भी सामना करना पड़ सकता है।

### सौर कणों से निकलने वाला विकिरण

सबसे गंभीर खतरों में से एक ब्रह्मांडीय किरणों और सौर कणों से निकलने वाला विकिरण है। पृथ्वी के विपरीत, जो एक घने वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्र से सुरक्षित है। मंगल पर जाने वाले इंसानों को इन विकिरणों का सामना करना पड़ेगा, जिसे लेकर नासा ने कहा है कि नासा के अनुसार यह कैंसर, दिमाग को नुकसान और सोचने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।



### दिन गुजारना है खतरनाक



रिपोर्ट के मुताबिक मंगल ग्रह की यात्रा काफी ज्यादा लंबी हो सकती है, यहां पर यात्रा करने के लिए महीनों लग सकते है और यहां दोबार सामान भेजना संभव नहीं हो जाएगा। इसे लेकर नासा का कहना है कि पानी, ऑक्सीजन और भोजन को या तो साथ ले जाना होगा या मंगल पर बनाना होगा। ऐसे में एक लंबे मिशन पर बड़ी चुनौतियां होंगी। वहां पहुंचने से ज्यादा खतरनाक वहां पर दिन गुजारना है और ऐसे खतरे देखे जा सकते हैं, जो इससे पहले कभी नहीं देखे गए हैं।

### कम है गुरुत्वाकर्षण

मंगल का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का केवल 38 प्रतिशत है, कम गुरुत्वाकर्षण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। इसके अलावा हृदय संबंधी कमजोरी हो सकती है, हालांकि व्यायाम वगैरा करके इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। मंगल पर एक मिशन में अत्यधिक अलगाव शामिल हो सकता है। अंतरिक्ष यात्री महीनों तक एक छोटी सी जगह में, एक ही छोटे समूह के साथ, पूरी तरह अकेले रहेंगे, पृथ्वी से बात करने में 22 मिनट तक की देरी होगी, जिससे तुरंत बातचीत नहीं हो सकेगा।, नासा के मुताबिक ये स्थिति नींद में खलल डाल सकती है। इसके अलावा तनाव पैदा कर सकती है।

## 908 दिन बाद लौटा अमेरिका सेना का सीक्रेट स्पेसक्राफ्ट

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना के खास अंतरिक्ष यान एक्स-37बीने अपना सबसे लंबा स्पेस मिशन पूरा कर लिया है। यह यान अंतरिक्ष में 908 दिन बिताने के बाद नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में उतरा। ओटीवी-6 नाम का ये मिशन एक्स-37बी का सबसे लंबा मिशन था। हालांकि, पेंटागन ने इस मिशन में ले जाए गए सामान की जानकारी नहीं दी है। फिर भी, यह माना जाता है कि इस मिशन में कई सरकारी परीक्षण भी शामिल थे जो राष्ट्रीय सुरक्षा और विज्ञान में तकनीक की बढ़ती भूमिका को दिखाते हैं। यह स्पेसक्राफ्ट नई तकनीकों को अंतरिक्ष में ले जाकर ज

## पहले कुत्ते को मारा, फिर आंखें निकालकर खेला कंचा

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा का एक वीडियो इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है, यहां एक अजीब युवक न पहले तो एक कुत्ते की हत्या की, फिर कुत्ते की आंखें निकालकर गोटियां खेलने लगा। मामला मंगलवार शाम का है, वीडियो के मुताबिक, आरोपी ने सड़क पर मौजूद कुत्ते पर हमला किया और उसकी मौत के बाद बेरहमी से उसकी एक आंख निकाल ली। इसके बाद वह आंख से खेलता रहा, ये सब उसने सरेआम रोड पर किया और लोग देखते रहे। ये सारी घटना एक प्रत्यक्षदर्शी ने रिकॉर्ड कर ली और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। जैसे ही यह मामला सामने आया, पशु कल्याण से जुड़े संगठन भी एक्टिव हो गए और उन्होंने पुलिस से आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मुंब्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


### निविदा सूचना

पीएम श्री स्कूल जनवि मल्हार, बिलासपुर (छ.ग.) में सत्र 2025-26 के लिए टॅक शॉप निविदा प्रक्रिया दिनांक 20.09.2025 से 27.09.2025 तक खुली हुई है। जिसके फॉर्म और अन्य जानकारी विद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**प्राचार्य प्रभारी**
**पीएम श्री स्कूल जनवि मल्हार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
### जिला कार्यालय बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

Email ID: dmokorea2017@gmail.com.mf_dmo_koriya@nic.in
Ph. No. 07836232570, Mob. No. 9617913432

क्रमांक/विपणन/405/2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 19.09.2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में कुशल/अर्धकुशल/अकुशल श्रमिक कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना।**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला-बैकुण्ठपुर, कोरिया द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में कुशल/अर्धकुशल/ अकुशल श्रमिक कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाना है। निविदा क्रमांक सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। ई-निविदा क्र. प्रथम निविदा GEM/2025/B/ 6704985 कुशल/अर्धकुशल/अकुशल श्रमिक कार्य हेतु ई-निविदा.. 20.09.2025 से 20.10.2025. समय 11 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./डी.डी. की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 20.10.2025. समय 11 बजे से पूर्व जिला विपणन कार्यालय बैकुण्ठपुर कोरिया में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की बेबसाइट www.gem.gov.in पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाइन के रूप में उपलब्ध है।

**जिला विपणन अधिकारी**
**छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**


# यह शहर हर गर्भवती महिला को देता है 1.3 लाख रुपए की मदद

**न्यूयार्क**। किसी भी महिला के लिए प्रेग्नेंट होना सौभाग्य की बात होती है। ऐसे में हर देश में प्रेग्नेंट महिलाओं को कई तरह की सुविधाएं भी दी जाती हैं। वहीं, आज हम आपको उस शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां प्रेग्नेंट महिला को 1.3 लाख रुपए मिलते हैं, ताकि वह अपना और बच्चे का ध्यान अच्छे से रख सके। साथ ही बच्चे की जरूरत का सामान आसानी से खरीद सके। अमेरिका के फ्लिंट, मिशिगन में प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को 1.3 लाख रुपए (1,500 डॉलर) और बच्चे के जन्म के पहले साल के लिए 500 (44 हजार) डॉलर हर महीने दिए जाते हैं। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने साल 2024 में फ्लिंट मिशिगन में रक्स किड्स नाम के एक कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें प्रेग्नेंट महिलाओं ये धनराशि दी जा रही है। बता दें, इस धनराशि के कारण मेटेनल पोस्टपार्टम डिप्रेशन का स्तर को कम हो रहा है।

### इस पहल से दूर हुआ तनाव

रिपोर्ट में प्रीस्कूल टीचर और दो बच्चों की मां एंजेला सिंटेरी के बारे में बताया गया, जो इस प्रोग्राम के बारे में सुनकर शुरू में हैरान थी। हालांकि, शुरुआत में उन्हें इस पर भरोसा नहीं था, लेकिन बाद में इस योजना के बारे में जाना तो उन्होंने अपना अल्ट्रासाउंड और पहचान पत्र जमा करके इसमें नामांकन कराया। जिसके बाद जल्द ही, उनके अकाउंट में पैसे आ गए। जिससे वह कार की सीट, बच्चे का पालना और उनके लिए जरूरी चीजें खरीदने में सक्षम हो पाई। बता दें, इन पैसों के कारण ही वह मई 2024 में जन्मी अपनी बेटी जोलेन लव के साथ समय बिताने के लिए 14 हफ्ते की छुट्टी ले सकी थी। उन्होंने कहा, 'इन पैसों से मेरा स्ट्रेस काफी हद तक दूर हो गया। मैं अपने मदरहुड को एंजॉय कर रही हूं और डायपर और वाइप्स खरीदने में भी सक्षम हूं।



### कब से शुरू हुई ये पहल

एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्लिंट, मिशिगन से शुरू हुई यह पहल मिशिगन के 11 समुदायों तक फैल चुकी है और 6 और समुदायों तक पहुंचने की योजना है। यह प्रोग्राम 2014 में शहर में जल संकट के बाद शुरू किया गया था, जब सीसे के प्रदूषण से बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा था। बाल रोग विशेषज्ञ मोना हन्ना ने बच्चों की इस परेशानी को सबसे पहले समझा था, जिसके बाद मिशिगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ल्यूक शेफर के साथ मिलकर रक्स किड्स की स्थापना की।मोना हन्ना ने कहा, हमने फ्लिंट में जो शुरू किया, वह सिर्फ फ्लिंट तक ही सीमित नहीं था, हम जो कुछ भी कर रहे हैं, वह मां और बच्चे की भलाई के लिए है। यह काम दुनिया भर में इसलिए किया जा रहा है क्योंकि देश समझते हैं कि बच्चों ही उनका भविष्य है और उनका ख्याल रखना जरूरी है।


**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर, छ.ग.**

विविध प्रकरण क्रमॉक– 70/ ब–121 / 2024–25
**आगामी पेशी तारीख – 29.09.2025**

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल
"ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड
सेवरी (पश्चिम) मुंबई 400015
शाखा कार्यालय– वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लि.
प्लॉट नं. 14, 15, 16 नर्मदा नगर दूसरी मंजिल
रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ0ग0)495001 ...... आवेदक

**विरूद्ध**

1.कमल सोनवानी पिता श्री गांधीराम सोनवानी
2.श्रीमती शकुंतला सोनवानी पति श्री कमल सोनवानी
दोनों निवासी– डिपरापारा, डोडकी, रिसदा
शिव मंदिर के पास, मस्तुरी जिला बिलासपुर, (छ0ग0) ..... अनावेदकगण

"00"

अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड सेवरी (पश्चिम) मुंबई 400015 शाखा कार्यालय– वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लि. प्लॉट नं. 14, 15, 16 नर्मदा नगर दूसरी मंजिल रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ0ग0)495001 द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा–14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर, मौजा–डोडकी, प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. मल्हार, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 334 /1, रकबा 1308 वर्गफीट प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण **सुनवाई हेतु दिनांक 29 सितम्बर 2025** के लिये नियत है। दिनांक **29 सितम्बर 2025 को दिन के 3.30 बजे** उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि **29 सितम्बर 2025** को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनांक–08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
(जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित)
स्थान : बिलासपुर
दिनांक : 08.09.2025

कार्यपालिक दंडाधिकारी,
हेतु जिला दंडाधिकारी,
बिलासपुर (छ. ग.)


## रोचक खबरें

### कौए की आवाज़ निकालने में माहिर है ये महिला

**नई दिल्ली**। हर इंसान में कोई ना कोई टैलेंट जरूर होता है। बस उसे पहचान कर उस पर मेहनत करने की जरूरत होती है। इस महिला को ही देख लीजिए, इसमें ऐसा कमाल का टैलेंट है कि देखते ही कहेंगे, 'वाह क्या बात है'। इस महिला में कुछ ऐसा टैलेंट है कि यह छत पर खड़ी होकर कौओंको बुला सकती है। कई लोग देखे होंगे, जो पशु-पक्षियों की आवाज निकालने में माहिर होते हैं, लेकिन यह महिला उनसे एक कदम आगे नजर आती है। यह कौए की ऐसी आवाज निकालती है कि दूर-दूर के सारे कौए इसकी आवाज सुनकर इसके सिर पर मंडराने लगते हैं। महिला ने दोनों हाथ अपने मुंह पर रखे और कौए के तरह जोर-जोर से चीखना शुरू कर दिया। कुछ ही पल में देखा कि एक-एक कर महिला के ऊपर कौओं का झुंड मंडराने लगा और वीडियो बना रहा शख्स यह नजारा देख शॉक्ड हो गया। इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा है, 'इनकी तो श्राद्ध पक्ष में अच्छी कमाई हो सकती है'। दूसरा यूजर लिखता है, 'जल्दी-जल्दी पितरों की पूरी ले आओ'।




**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202404044600011/04221/APL अ-6/2024-25
पुष्पेंद्र कुमार गोयल ....... अपीलार्थी
(विरूद्ध)
मोहम्मब हयूब वगैरह ....... उत्तरवादीगण

प्रेषिति:- 1. मोहम्मद हयूब पिता सज्जाद, निवासी स्कूल पारा पेंट, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) 2. मोहम्मद आशिफ पिता सज्जाद, निवासी स्कूल पारा पेंट, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) 3. सैनाब खातून पिता रफीक, निवासी हाउस नंबर 265, कर्बला रोड वार्ड नंबर 04 जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय के रा.मा.क्र. 202404044600011/04221/APL/अ-6/2024-2025 पक्षकार पुष्पेंद्र कुमार गोयल विरूद्ध मोहम्मद हयूब वगैरह साकिन कुड़ेकेला में अपीलार्थी पुष्पेंद्र कुमार गोयल द्वारा रा.प्र.क्र. 202404044600011/अ-6/2023-24 पक्षकार पुष्पेंद्र कुमार गोयल विरूद्ध मोहम्मद हयूब वगैरह साकिन कुड़ेकेला में तहसीलदार छाल द्वारा पारित आदेश दिनांक 30/09/2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/09/2025 को आपकी उपस्थिति हेतु नियत है। आपको सूचित किया जाता है कि नियत पेशी में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति / जवाब दावा प्रस्तुत करें। नियत समय में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में आगे कार्यवाही की जावेगी। सूचना आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**


### जिंदा बिच्छुओं को चिप्स की तरह खा गया ये शख्स

नई दिल्ली। सोशल मीडिया की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ ऐसा सामने आता रहता है जो नेटिजन्स को हैरान कर देता है। हाल ही में ऐसा ही एक वीडियो इंटरनेट पर सनसनी फैला रहा है, जिसमें एक शख्स जिंदा बिच्छुओं को ऐसे चबा-चबाकर खा रहा है, जैसे वो आलू के चिप्स हों. इस वीडियो को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो सकते हैं। इस वीडियो में अफगानिस्तान के हेरात के रहने वाले सालार बेहजाद नाम के एक कंटेंट क्रिएटर नजर आ रहे हैं। वीडियो में शख्स एक के बाद एक जिंदा बिच्छुओं को उठाकर चबाते हुए नजर आ रहा है। यही नहीं, शख्स के चेहरे पर बिच्छुओं के डंक मारने का जरा भी खौफ नहीं है। वह बिच्छुओं को ऐसे खा रहा है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)**

No. 03-03/ TN-299/25-26/4061 Raipur, Dtd18/09/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-299/25-26**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | DW-368/25-26 8100046270(with RLA) | Day to day preventive, breakdown, mechanical maintenance work of auxiliaries of WT Plant, Cooling Tower, CW Pump house, Fire Fighting pump house, ETP, Chlorination Plant etc. at DSPMTPS along with Raw Water pump house installed at KTPS, Korba East. | 15.10.2025 Up to 15:00 Hrs |
| 2. | DW-369/25-26 8100046271(with RLA) | Work contract for Chemical Shifting, Dosing and Miscellaneous Work Associated with Pre-Treatment D.M. . Plant, Drinking Water Plant, DSPMTPS, CSPGCL, KE | 15.10.2025 Up to 15:00 Hrs |
| 3. | EW-370/25-26 8100046272(with RLA) | Day to day emergency breakdown Maintenance and specialized maintenance work of Turbine and its auxiliaries of 1x500 MW, U#5 of HTPS, Korba West. | 16.10.2025 Up to 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (S&P:Gen)
CSPGCL: Raipur

### कार्यालय नगरपालिका परिषद् सरायपाली, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)

Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./494/न.पा.प./ लो.नि.वि./2025-26 सरायपाली, दिनांक 19/09/2025

**// प्रथम ई- निविदा आमंत्रण सूचना //**

निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा | सक्षम श्रेणी | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 174062 | वार्ड क्र. 03 पशु चिकित्सालय के पास व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य। | 41.78 | 31400/- (Offline Deposit) (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R. / T.D.R. And Tender Fee of Rs. 1500/- Demand Draft) | 06 माह | "द" एवं उच्चतम श्रेणी | 13.10.2025 |
| 2 | 174064 | वार्ड क्र. 08 टाउनहॉल के पास व्यावसायिक परिसर में प्रथम तल निर्माण कार्य। | 13.51 | 10200/- (Offline Deposit) (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R. / T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft) | 04 माह | "द" एवं उच्चतम श्रेणी | 13.10.2025 |
| 3 | 176134 | वार्ड क्र. 12 बस स्टैण्ड के पास प्रथम तल में व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य। | 25.15 | 18900/- (Offline Deposit) (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R. / T.D.R. And Tender Fee of Rs. 1500/- Demand Draft) | 04 माह | "द" एवं उच्चतम श्रेणी | 13.10.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

टीप:- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 16.10.2025 समय सायं 17:30 बजे तक प्राप्त की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् सरायपाली**

### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)**
**(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)**

क्र./कार्य. यंत्री/सामा./सू.प्रकाशन / 1965 पत्थलगांव, दिनांक : 19/09/2025

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दीपावली पूर्व लाईनों की आवश्यक रख रखाव के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि को समय प्रात: 10:00 बजे से शाम 03:30 बजे तक विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद हैं।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 21.09.2025 | रविवार | 11 के. व्ही. पत्थलगांव शहर–01 फीडर | 11 के.व्ही. पत्थलगांव शहर–01 फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 2. | 21.09.2025 | रविवार | 11 के.व्ही. लुड़ेग फीडर | 11 के.व्ही. लुड़ेग फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 3. | 22.09.2025 | सोमवार | 11 के. व्ही. बागबहार टाऊन फीडर जामझोर सब–स्टेशन से | बागबहार, मयुरनाचा, डुमरमुड़ा एवं कुकुटनाला के समस्त क्षेत्र |
| 4. | 23.09.2025 | मंगलवार | 11 के. व्ही. पत्थलगांव शहर–02 फीडर | 11 के.व्ही. पत्थलगांव शहर–02 फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 5. | 23.09.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. तिरसोंठ फीडर | 11 के.व्ही. तिरसोंठ फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 6. | 23.09.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. कोतबा फीडर– कोंतबा सब–स्टेशन से | कोतबा, बैगाबहार, मधुबन, आमाटोली के समस्त क्षेत्र |
| 7. | 24.09.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही.पालीडीह फीडर | 11 के.व्ही. पालीडीह फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 8. | 24.09.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. बनगांव फीडर | 11 के.व्ही. बनगांव फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 9. | 24.09.2025 | बुधवार | 11 के. व्ही. फरसाटोली फीडर कोतबा सब–स्टेशन से | पतराटोली, फरसाटोली, राजाआमा, रोकबहार के समस्त क्षेत्र |
| 10. | 25.09.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. गाला फीडर | 11 के.व्ही. गाला फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 11. | 25.09.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. बागबहार फीडर | 11 के.व्ही. बागबहार फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 12. | 25.09.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. बागबहार ग्रामीण फीडर–जामझोर सब–स्टेशन से | सुगाजोरी, माकरचुआ, बगमुडा के समस्त क्षेत्र |
| 13. | 26.09.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. मिर्जापुर फीडर | 11 के.व्ही. मिर्जापुर फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 14. | 26.09.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. पण्डरीपानी फीडर | 11 के.व्ही. पण्डरीपानी फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 15. | 26.09.2025 | शुक्रवार | 11 के. व्ही. कुकुरभुका फीडर जामझोर सब–स्टेशन से | कुकुरभुका, पेमला, सिंगरेल, जमरगी रेडे के समस्त क्षेत्र |
| 16. | 27.09.2025 | शनिवार | 11 के. व्ही. झिमकी फीडर जामझोर सब–स्टेशन से | वोकियाखार, आमाटोली के समस्त क्षेत्र |
| 17. | 28.09.2025 | रविवार | 11 के.व्ही. भाटामुड़ा फीडर | 11 के.व्ही. भाटामुड़ा फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 18. | 28.09.2025 | रविवार | 11 के. व्ही. पाकरगांव फीडर | 11 के.व्ही. पाकरगांव फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 19. | 29.09.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. पतरापाली फीडर | 11 के.व्ही. पतरापाली फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 20. | 29.09.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. कछार फीडर | 11 के.व्ही. कछार फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 21. | 03.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. दीवानपुर फीडर | 11 के.व्ही. दीवानपुर फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 22. | 03.10.2025 | शुक्रवार | 11 के. व्ही. हीरापुर फीडर | 11 के.व्ही. हीरापुर फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 23. | 04.10.2025 | शनिवार | 33 के. व्ही. पत्थलगांव फीडर | 33 के.व्ही. पत्थलगांव फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 24. | 04.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. तमता फीडर | 11 के.व्ही. तमता फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 25. | 05.10.2025 | रविवार | 33 के.व्ही. लुड़ेग फीडर | 33 के.व्ही. लुड़ेग फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 26. | 06.10.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. फील्टर प्लांट फीडर | 11 के.व्ही. फिल्टर प्लांट फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 27. | 07.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. सुरेशपुर फीडर | 11 के.व्ही. सुरेशपुर फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 28. | 08.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. ठाकुरपोंड़ी फीडर | 11 के. व्ही. ठाकुरपोंड़ी फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |

**नोट :-** आवश्यकतानुसार कार्य की समय–सीमा बढ़ाई व घटाई जा सकती है।
// स्वहित व राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएँ //
// विद्युत बिलों का समय पर भुगतान करें //

**कार्यपालन यंत्री (सं./सं.). संभाग**
**छ.स्टे.पॉ. डि. कं. लिमि.,**
**पत्थलगांव**

# मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने निरस्त की 445 पदों पर भर्ती प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

